सिटी एक्टिविटी

हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर ने ली समीक्षा बैठक

भोपाल। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर चंद्रमौलि शुक्ला ने हाउसिंग बोर्ड के 10 प्रमुख प्रोजेक्ट की गुरुवार को समीक्षा की। शुक्ला ने सभी प्रोजेक्ट की जरूरी अनुमति एक महीने में लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट सरकारी अनुमति की वजह से लेट नहीं होना चाहिए। अयोध्या नगर में सुरम्य, सनखेड़ी में कृष्ण विहार परिसर और गौरव नगर (कोलार) में बुकिंग चल रही है। खजूरी कलां, लवकुश हाईट्स, अयोध्या नगर, सफायर पार्क सिटी जैसे हाउसिंग प्रोजेक्ट में बुकिंग स्टार्ट होने वाली है।

राधारमण ओपन कैंपस में 46 विद्यार्थी चयनित

भोपाल। राधारमण समूह परिसर में कॉम्पोनेंट निर्माता मिकुनी इंडिया ने ओपन कैंपस में 46 विद्यार्थियों का चयन किया। 2024 बैच के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल ब्रांच के डिप्लोमा विद्यार्थियों के लिए यह आयोजित हुआ। नियुक्ति पत्र जल्द ही कंपनी भेजेगी। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने शुभकामनाएं दीं। अन्य कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए भी कैंपस का आयोजन किया जाता है।

नव युवक सभा के स्कूल में होली समारोह

संत नगर। नव युवक सभा के डीडी प्ले स्कूल में होली समारोह आयोजित हुआ। बच्चे कलरफुल ड्रेस में आए व फूलों और गुलाल से होली खेली। बच्चों ने उत्साह के साथ होली समारोह का आनंद लिया। प्राचार्य ज्योति चौहान और संस्था के संरक्षक वासुदेव वाधवानी, सचिव सुरेश राजपाल सहित स्कूल कि शिक्षिकाओं ने बच्चों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

कथा में सुनाया रुक्मिणी विवाह का प्रसंग

भोपाल। महिला जागौरी समिति द्वारा बरखेड़ी में आयोजित कथा में गुरुवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया गया। अध्यक्ष साधना यादव ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं ने विवाह के गीतों पर नृत्य किया। शुक्रवार को बरसाने की लठ मार होली होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विकास विरानी, नंदू यादव, कृष्णकांत चौरसिया, महेंद्र यादव लाला, सुनील यादव, मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी उपस्थित रहे।

कार्टून में बाल हिंसा रोकने का दिया संदेश

भोपाल। राष्ट्रीय सेवा योजना, आगाज के सहयोग से शासकीय सरोजिनी नायडू गर्ल्स कॉलेज (नूतन कॉलेज) की छात्रा आगाज इंटर्न मदीहा हफीज द्वारा रमजान माह में अभियान चलाया जा रहा है। उनके द्वारा बच्चों के संरक्षण और हिंसा रोकने कार्टूनिंग के द्वारा इस विषय को और रोचक तरीके से समझाया जा रहा है। कार्टूनिंग के माध्यम से बाल संरक्षण, बाल हिंसा और चाइल्ड एब्यूज, तनाव प्रबंधन को समझाया। इसमें सब इंस्पेक्टर कमल सिंह मौजूद रहे।

विश्व वन दिवस पर द्रुम वन का शुभारंभ

भोपाल। विश्व वन दिवस पर महापौर मालती राय ने 11थ माइल गार्डन सिटी भोजपुर रोड में 'द्रुम वन' की शुरुआत की। इसमें 200 पौधे लगेंगे। मीता वाधवा, दिव्या अत्री एवं पर्यावरणविद पोधे रोपेंगे। इस मौके पर कॉलोनी के सैकड़ों रहवासी, सेपलिंग्स एवं स्वामी विवेकानंद इंग्लिश स्कूल की शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

लोस चुनावः जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री की दरें तय कीं

काजू कतली 869 और शुगर फ्री मिठाई के लिए देने होंगे 1,078 रु.

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों ने प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है।

इधर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को प्रचार-प्रसार में उपयोग होने वाली सामग्रियों की दरों का निर्धारण कर दिया है। इसके तहत उम्मीदवार ने ड्रोन का उपयोग वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के लिए किया, तो खर्च में प्रति घंटा के हिसाब से 1,680 रुपये जुड़ेंगे। वहीं महाराज सोफा पर बैठक का आनंद लिया तो प्रतिनग 2000 रुपए देने होंगे। वहीं, 100 वर्गफीट क्षेत्रफल के प्रचार कार्यालय का मासिक किराया ढाई हजार रुपए तय किया गया है। वहीं, शुगर फ्री मिठाई से मुंह मीठा कराने पर प्रति किलो 1,078 रुपए उम्मीदवार के खर्च में जुड़ जाएंगे।

एसी और सोफा सेट की दरें

सोफासेट	दरें प्रति नग
महाराजा	2000
वेलवेट तीन सीटर	1500
वेलवेट दो सीटर	1200
वूडन तीन सीटर	1100
एसी प्रतिटन	1700
जंबो कूलर	850
सादा कूलर	275

इनसे कराया मीठा मुहं तो

मिठाई	दरें प्रतिकिलो
शुगर फ्री	1078
गिफ्ट ड्रायफूड	1480
स्पेशल अंजीर	1045
स्पेशल काजू कतली	979
काजू कतली	869
बुंदी लड्डू	350
देशी घी बुंदी लड्डू	429

इनका उपयोग पड़ेगा महंगा

सामग्री	दरें रुपये में
ड्रोन कैमरा रुपये प्रति घंटा	1680
स्पीकर डबल 15 इंच	1074
माइक का मिक्सर	2550
प्लाजमा टीवी	4000
जिम्मी जिप कैमरा विथ ट्राली	15000

सामग्री	दरें रुपये में
जिम्मी जिप कैमरा	5000
बी -62 केवी	11340
सी 82 केवी साउंड प्रुफ	11515
डी 125 केवी साउंड प्रुफ	24340

नोट - दरें प्रति नग के हिसाब से प्रतिदिन के अनुसार तय की गई हैं।

सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखें पुलिस अधिकारी

भोपाल। लोकसभा के चुनाव और होली के त्योहार की तैयारियों के लिए पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने शहर के पुलिस अधिकारियों की गुरुवार को बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी देर रात तक अपने इलाके में मौजूद रहें। इस दौरान सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखें और शांति भंग करने वाली कोई हरकत करें तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिया कि थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की विजिट कर लें। पुलिस आयुक्त ने इस मौके पर कहा कि सभी सार्वजनिक स्थानों एवं संवेदनशील इलाकों में विजिबिलिटी बनाए रखें तथा सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर रखें।

पीपुल्स डेंटल एकेडमी में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मना

'हेल्दी माउथ हेल्दी बॉडी' का दिया गया संदेश

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री, पीपुल्स डेंटल एकडमी ने वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया। इसका उद्देश्य हेल्दी माउथ हेल्दी बॉडी का संदेश देना है। यह कार्यक्रम पीपुल्स ग्रुप की डायरेक्टर मेघा विजयवर्गीय की प्रेरणा ये आयोजित हुआ।

इसमें संजीवनी पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा में ओरल हेल्थ की शिक्षा दी। टिनी स्माइल्स परियोजना में स्कूल ओरल हेल्थ प्रोग्राम आयोजित किया। पीडीए परिसर के नॉन टीचिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए रेल प्ले एवं हेल्थ टॉक आयोजित की। कार्यक्रम में 158 मरीजों का दंत परीक्षण किया गया। दंत रोग की रोकथाम का परामर्श एवं उपचार भी दिया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. अखिलेश मित्तल (डीन-एकेडमिक अफेयर्स), अध्यक्षता डीन डॉ. संजीव त्यागी, वॉइस डीन डॉ. अजय पिल्लई ने की। नेतृत्व डॉ. स्वप्निल जैन (एचओडी-डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री) ने किया।

संचालन डॉ. विजयता शर्वा एवं डॉ. जूही लोहिया (फैकल्टी ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री) ने किया। इसमें सहयोगी डॉ. संघकीर्ति भारद्वाज संजीवनी पॉलीक्लिनिक गोविंदपुरा की डेंटल ऑफिसर रहीं। इसमें पीजी एवं इंटर्न ने भाग लिया।

इस्कॉन मंदिर में देश-विदेश के शहरों से मंगवाए जाएंगे फूल

2 क्विंटल फूलों से होली खेलेंगे राधा-गोविंद

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

श्रीकृष्ण मंदिर-यादव सभा,इस्कॉन बरखेड़ा में श्री चैतन्य महाप्रभु का प्रकटोत्सव गौर पूर्णिमा के रूप में 25 मार्च को मनेगा। इसी दिन फाग उत्सव मनेगा। राधा-गोविंद देव का पुष्प अभिषेक होगा। नासिक, मुंबई, पुणे, बेंगलोर,दक्षिण भारत के शहरों से कई प्रकार के फूल श्रृंगार, अभिषेक के लिए मंगवाए जा रहे हैं। भगवान का दो क्विंटल (200 किलो) फूलों से अभिषेक होगा। यह फूल भक्तों पर बरसाए जाएंगे। भक्त इन्हीं फूलों से आपस में फूलों की होली खेलकर फाग उत्सव मनाएंगे। इस दिन भगवान राधा-गोविंद देव का विशेष फूल बंगला सजेगा। भगवान को विशेष फ्लॉवर ड्रेस पहनाई जाएगी। इसके लिए विदेशों से फूल ऑर्डर किए हैं। इसे भक्तों के द्वारा तैयार किया जाएगा। भक्त 24 मार्च को रातभर मंदिर परिसर में भगवान की फ्लॉवर ड्रेस बनाएंगे। सोमवार सुबह साढ़े चार बजे मंगल आरती के साथ ही अखंड हरिनाम कीर्तन मंदिर के ब्रम्हचारी और गृहस्थ भक्तों के करेंगे।

काटजू में दिया गया एफपीएलएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ट्रेनिंग

भोपाल। डॉ. कैलाशनाथ काटजू महिला चिकित्सालय में गुरुवार को फैमिली प्लैनिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एफपीएल-एमआईएस) सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण हुआ। इसमें बताया कि सॉफ्टवेयर की मदद से परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता, इंडेंट, वितरण, स्टॉक आउट, इश्यू, अपडेशन होता है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि हर दंपति को परिवार कल्याण के स्थाई,अस्थाई साधनों को अपनाना चाहिए। अस्थायी साधनों की ऑनलाइन आपूर्ति व प्रबंधन के लिए एफपीएल-एमआईएस लागू किया है।

पाम संडे 24 को, सिक्योरिटी लाइन से निकलेगा जुलूस

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

प्रभु यीशु के दुखभोग के 40 दिनी उपवास काल के समापन पर 24 मार्च को पाम संडे मनेगा।

सिक्योरिटी लाइंस गोविंदपुरा से सुबह 9.30 बजे खजूर की डालियां लेकर सेंट जोंस चर्च तक जुलूस निकाला जाएगा। इसी दिन से पवित्र सप्ताह का शुभारंभ होगा। प्रत्येक शाम को प्रभु यीशु की शिक्षाओं पर प्रवचन होगा। 27 मार्च को भजन-कीर्तन संध्या होगी। इसमें काव्य व छंदों के द्वारा प्रभु यीशु की क्रूस मृत्यु पर संगीत संध्या होगी। 28 को प्रभु की बयारी (माउंडी थर्स डे) मनेगा। इसमें प्रभु यीशु ने शिष्यों के पाव पखार कर नम्रता, दीनता व सेवा का संदेश दिया था।

29 को शुभ शुक्रवार को प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर उच्चारित की गईं सात वाणियों- 'सेवन वर्डस फ्रॉन द क्रॉस' पर प्रवचन व शोक मनाया जाएगा। शनिवार शांति का दिन रहेगा। पुनरुत्थान दिवस 31 अप्रैल को प्रभु यीशु के जी उठने का पर्व मनाया जाएगा। रेव. डॉ. अनिल मार्टिन ने इन दिनों के संदेश में कहा कि उपवास, प्रार्थना स्वयं के आत्मा नियंत्रण के लिए है। किंतु प्रभु पर विश्वास करना कर्म के बिना अधूरा है।

रेलवे कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर किया टूल डाउन

भोपाल। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन द्वारा समस्याओं को लेकर कोचिंग केयर डिपो में गुरुवार को टूल डाउन किया। रानी कमलापति स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा बताया कि डिपो में पिट में लगातार गंदगी बनी रहने के कारण काम नहीं कर पाते हैं। इसको लेकर नितिन परमार के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने टूल डाउन किया। दो घंटे के उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन उपरांत ही कर्मचारी काम पर लौटे। साथ ही कर्मचारियों ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो अनिश्चित कालीन टूल डाउन होगा।

होली चल समारोह मार्ग की सड़कें दुरुस्त करें

निगम उपायुक्त, हिंदू उत्सव समिति पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

होली और रंग पंचमी के पारंपरिक जुलूस के मार्गों पर पर्याप्त व्यवस्थाओं को लेकर हिंदू उत्सव समिति के साथ सभी विभागों के अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

दयानंद चौक जुमेराती से प्रारंभ हुए निरीक्षण में नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर ने सभी बड़े चौक, चौराहों पर पारंपरिक टैंकरों से रंग की बौछार करने, घोड़ा निक्कास मार्ग के गड्ढे भरने एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित ने सभी प्रमुख जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक नियंत्रण के लिए कहा। पीडब्ल्यूडी ने बैरिकेट्स लगाने एवं एमपीईबी द्वारा मार्गों में झूल रहे तारों को ठीक करने एवं बिजली सप्लाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा, अरुण अग्रवाल, संयोजक भगवान दास ढालिया देवेंद्र सिंह बना, प्रमोद नेमा एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों और समिति पदाधिकारियों ने यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया।

गोकाष्ठ के साथ जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था करें

भोपाल। श्री हिंदू उत्सव समिति ने नगर निगम, वन विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है। महामंत्री सुबोध जैन ने कहा कि 24 मार्च को होलिका दहन पर गोकाष्ठ के अलावा जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था की जाए। इससे होलिका दहन में कोई दिक्कत न हो। लकड़ियों व गोकाष्ठ के दाम भी तय किए जाएं।

42 स्थानों से मिलेगी गोकाष्ठ

गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा होलिकादहन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। समिति ने शहर के 42 स्थानों पर गोकाष्ठ विक्रय काउंटर लगाए जाएंगे। जहां से शहरवासी 23 एवं 24 मार्च को गोकाष्ठ 10 रु प्रतिकिलो की दर से प्राप्त कर सकते हैं।

इंद्र-इंद्राणियों ने सिद्धचक्र मंडल विधान में अर्पित किए 256 अर्घ्य

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

नंदीश्वर जिनालय लालघाटी में सिद्धचक्र महामंडल विधान में इंद्र, इंद्राणियों ने 256 अर्घ्य समर्पित किए। सुबह से ही इंद्र-इंद्राणियों के वेश श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने बताया अष्ट द्रव्य समर्पित कर प्रभु सिद्ध की पूजा-अर्चना की जा रही है। मूल नायक प्रभु नेमी नाथ की विशेष शांति धारा की।

सिद्ध भगवान की आराधना

चंदन नगर जिनालय में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में सभी पुजारियों व मुख्य पात्रों ने 128 अर्घ्य समर्पित किए। मुनि अराध्य सागर ने कहा कि माता-पिता हमारे लिए कल्पवृक्ष के समान हैं। जो व्यक्ति इन्हें छोड़ अन्य शहर में जाते हैं,वह भगवान की कृपा से वंचित रह जाते हैं। अमृत वाणी से माता-पिता का महत्व समझाया। परिवार की, समाज की, धर्म क्षेत्रों की रक्षा का मार्गदर्शन बताया।

अपनी मातृभाषा एवं संस्कृति पर अभिमान होना चाहिए : त्रिपाठी

भोपाल। एनआईटीटीटीआर में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। राजभाषा गतिविधियों पर चर्चा व निर्णय लिए।

निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि हमें हिंदी की गरिमा के लिए मिलकर काम करना चाहिए। हमारी भाषा पर अभिमान रहे और इससे जुड़े रहें। हमारा संवैधानिक दायित्व है कि राजभाषा संबंधित अनुदेशों का अनुपालन तत्परता और पूरी निष्ठा के साथ करें। इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी कमलेश तायल ने कहा कि भाषा मनुष्य के आंतरिक चिंतन तथा मनोगत भावों के प्रकटीकरण का सबसे सुगम और मूल माध्यम है। हिंदी में उत्कृष्ट कार्य वालों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया। बैठक में प्रो. पीके पुरोहित, प्रो. केके जैन, डॉ. अंजू रावले, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी निशांत कुमार, शोभा लेखवानी, संजय त्रिपाठी, सदस्य मौजूद रहे।

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: ऊपर तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरकेल्स हॉस्पिटल के पास, भोपाल (म.प्र.) पिन कोड-462011

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटिड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा;

क्रमांक	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना जमा	संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1	दिनेश कुमार (ऋणकर्ता) नलिनी लिखार (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHBHP00001342058 & LHBHP00001342057	पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर 102, राजस्व सर्वेक्षण संख्या 186, आरएन मंडल 03 की भूमि पर निर्मित, ज्योति हाइट्स, ग्राम गेहुखेड़ा, पीएच नंबर 28, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है।	रू. 26,20,408/- मार्च 19, 2024	रू. 17,64,000/- रू. 1,76,400/-	अप्रैल 15, 2024 11:00 AM 03:00 PM	अप्रैल 23, 2024 02:00 PM 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक-https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों/नोटिस को 22 अप्रैल 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूवी के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,ऊपर तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरकेल्स हॉस्पिटल के पास, भोपाल (म.प्र.) पिन कोड-462011** में 22 अप्रैल 2024 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी **ऊपर तल मंजिल, जेड-18, एम.पी. नगर, जोन-1, मिरकेल्स हॉस्पिटल के पास, भोपाल (म.प्र.) पिन कोड-462011** को 22 अप्रैल 2024 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी)भोपाल- में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 या हमारी सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशन प्रायवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/

दिनांक : मार्च 22, 2024
स्थान : भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड

सार्वजनिक नोटिस

बड़े पैमाने पर जनता को सूचना दी जाती है कि मेरे ग्राहक मेसर्स प्रोफेक्टस कैपिटल प्रा. लिमिटेड, इसका पंजीकृत कार्यालय बी/17, चौथी मंजिल, आर्ट गिल्ड हाउस, फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल के पीछे, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई, 400070 पर है। (ऋणदाता/बंधक) ने एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल समिति (उधारकर्ता/बंधककर्ता) को ऋण सुविधा स्वीकृत की है। और श्री संदीप तिवारी पुत्र श्री भगवती दीन तिवारी (सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता) इस शर्त पर कि बंधककर्ता यहां नीचे लिखित (उक्त संपत्ति) अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित संपत्ति को बंधक रखेगा।
बंधककर्ता ने पुष्टि की है और मेरे ग्राहक को घोषित किया है कि बंधककर्ता को क्रमशः पंजीकृत बिक्री विलेख और पंजीकृत वसीयत विलेख के माध्यम से उक्त संपत्ति पर स्वामित्व प्राप्त हुआ है।
बंधककर्ता ने आगे पुष्टि की कि दिनांक 23/06/1997, 04/06/1969 और 19/12/1973 के मुख्य शीर्षक दस्तावेज जो उप-रजिस्ट्रार के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत थे, खो गए हैं या गुम हो गए हैं और पूरी जांच के बाद भी उनका पता नहीं लगाया जा सका है। और गलत शिकायत संबंधित पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।
बंधककर्ता ने आगे पुष्टि की, घोषणा की और मेरे ग्राहक को आश्वासन दिया कि बंधककर्ता ने उपरोक्त दस्तावेज जमा करने वाले किसी भी व्यक्ति से कोई क्रेडिट सुविधा नहीं ली है और कहा कि संपत्ति किसी भी बंधक, पट्टे, ऋण, जमानत, हानि, उत्तराधिकार, आरक्षण, अधिग्रहण में शामिल नहीं है, मांग या अन्यथा किसी भी तरह से और सभी बाधाओं से मुक्त और स्वच्छ और विपणन योग्य स्वामित्व और उक्त संपत्ति को गिरवी रखने और उससे निपटने का विशेष अधिकार है।
इसलिए किसी भी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में बिक्री, उपहार, पट्टा, विरासत, विनिमय, बंधक, शुल्क, ग्रहणाधिकार, ट्रस्ट, लाभकारी ब्याज, कब्जा, सुखभोग के माध्यम से कोई अधिकार, शीर्षक, हित या दावा है।, किरायेदारी, उप-किरायेदारी, लाइसेंस, दृष्टिबंधक, भरण-पोषण, विरासत, पावर ऑफ अटॉर्नी, आदेश, डिक्री, पुरस्कार कुर्की या किसी भी तरह से इसके द्वारा 14 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में इसकी जानकारी देनी होगी। इसकी तारीख, ऐसा न करने पर मेरा ग्राहक ऐसे दावे के किसी भी संदर्भ के बिना, ऋण वितरित करने के लिए आगे बढ़ेगा और यदि कोई हो, तो उसे माफ कर दिया गया या छोड़ दिया गया माना जाएगा।

अनुसूची
(संपत्ति विवरण)

1.(ए) प्लॉट नंबर 01 एडम. 5250 वर्ग फीट और (बी) प्लॉट नंबर 01 एडम. 5250 वर्ग फुट भूमि धारक सर्वेक्षण संख्या 37/2, 37/3, 37/7, पी.एच. क्रमांक 9/12, पर स्थित है। वार्ड क्रमांक 19, सरस्वती स्कूल के पीछे (कस्तूरबा नगर), बाके मोजा मेहरागांव, तहसील इटारसी, जिला होशंगाबाद(म.प्र.);
इस प्रकार परिबद्ध-
(ए) पूर्व - अंजना तिवारी का प्लॉट, पश्चिम - विक्रेता और नाला का शेष रकबा, उत्तर-विक्रेता का शेष रकबा, दक्षिण-बूढ़ी माता मेला क्षेत्र।
(बी) पूर्व-संदीप तिवारी का भूखंड, पश्चिम-नाला, उत्तर-विक्रेता का शेष रकबा, दक्षिण-बूढ़ी माता मेला क्षेत्र।
2.(ए) प्लॉट नंबर 1/1, एडम. 7830 वर्ग फीट और (बी) प्लॉट नंबर 1/1, एडम. 8601 वर्ग फीट भूमि धारक सर्वेक्षण संख्या 35/2, पी.एच. क्रमांक 13 पर स्थित है। वार्ड क्रमांक 19, (कस्तूरबा नगर), मालवीयगंज, बूढ़ी माता मंदिर के पास, मेहरागांव, तहसील इटारसी, जिला होशंगाबाद (म.प्र.).
इस प्रकार परिबद्ध-
(ए) पूर्व के रूप में घिरा हुआ - सरकार गोहा और जबलपुर वालो का प्लॉट, पश्चिम - अजय शुक्ला और अन्य की भूमि, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - अंजलि तिवारी का रकबा

एडीवी. शैलेश कुमार महेश कुमार नगर एवं एसोसिएट्स
154-ए, कालानी बाग, राम नगर चौराहा,
ए.बी. रोड देवास (म.प्र.) 455001
मो. नंबर 9406661926